# नागौद में किला और गढ़ी की राजनीति को चुनौती देने वाले यादवेंद्र का निधन

## अंतिम संस्कार रविवार को गृह ग्राम कचनार में होगा

नवभारत न्यूज

**सतना, 14 मार्च. राजनीति में खुलकर जनसमर्थन से नागौद की चर्चित परम्परा किला, गढ़ी की राजनैतिक चुनौती को स्वीकार कर नई इबारत लिखने वाले दबंग नेता पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया.**

राजनीति में पंचायत से विधानसभा तक का सफर तय करने वाले श्री सिंह का जन्म सतना जिले की नागौद तहसील के ग्राम कचनार में 1952 में किसान परिवार में हुआ था.जनता के बीच अपनी स्पष्टवादिता और बिना भेदभाव के सब के साथ एक जैसा बर्ताव करने के आदी श्री सिंह का जनता दरबार ऐसा जो रात में सिर्फ सोने के समय ही बंद होता था.राजनैतिक जीवन की शुरुआत 1978 में पंचायत चुनाव से हुई. बागरी बाहुल्य बसुधा पंचायत में एक बार नहीं दो पंचवर्षीय सरपंच रहने वाले श्री सिंह ने सहकारी नेता के रूप में भी अपनी पैठ बनाई. बाद में तीन



स्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था लागू होने पर जनपद के उपाध्यक्ष भी रहे.1999में नागौद मंडी के अध्यक्ष चुने गए.इसी के बाद उन्होंने किला,गढ़ी की राजनीति को खुलकर चुनौती देने की शुरुआत विधानसभा चुनाव लड़कर की. 98 का चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर लड़ा.इसके बाद कांग्रेस ने लगातार 2003,2008 और फिर 2013 में मौका दिया.2013 से 2018 तक कांग्रेस विधायक के रूप में नागौद का नेतृत्व करते रहे.पूरे क्षेत्र में अच्छी खासी पकड़ रखने वाले यादवेंद्र सिंह की जब पिछले विधानसभा चुनाव में उनकी टिकट काट दी गई तो उन्होंने कांग्रेस नेता कमलनाथ के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया.बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़कर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी की सम्भावनाओ पर तुषारापात कर दिया.बाद में लोकसभा चुनाव के दौरान सांसद गणेश सिंह की पहल पर भारतीय जनता पार्टी का दामन थम लिया.

# एकय रंग मा रंगवा द हो सईया, लाली रे लाली

फागुन का फगुआ अउर ओखर हवा-बइहर कै बात कुछु आन होती ही.छोट से लइ कै बड़े तक सब कोउ इया महीना का ताकै रहत हेय. फेर बीते कइउ महीना तक जब सब कोउ साथ बइठिहय-उठिहय ता फगुआ कै चर्चा करय से ना चुकिहय.कोउ भौजी कै ता कोउ सारी फेर कुछु जाने बहनोई कै किस्सा




सुनाइहय जेमा हंसी-ठठा होइ सकय. हमी लगत हय की अब सब केउ का साथ मिल पामय येखर औसर कमय आवत हय. कुछु घरन मा लोग-बाग त्योहारन मा जूरी जा करत हय नाही ता घर कै बूढ़ा-बूढ़ी बेचारु लगा ओढ़खन कै आरव मा कइसव तइसव त्यौहार मना लेत हय. सोची पुरखा केते जानकार रहे कि ऊं जीवन मा सब मेर कै अनुभव मिलय ऐसे कबहुँ रंग का ता कबहुँ रोशनी का त्योहार बनाइन हय. फगुआ प्रेम अउर आपसी मेलमिलाप का त्यौहार आय.जब प्रेम अउर लगाव मा दोनों प्रानी एक मेर कै होइ जात हय ता कहा जाय सकत हय एकय रंग मा रंगवा द हो सईया, लाली रे लाली.आबय हम उनखर कउनो बात नाही बतायन जेखर सुधि साल भर रहत ही.बचपन मा कबहुँ कन्छेदा खाय का मिला रहा फेर बड़े मा कोउ कबहुँ नाही खबाइस. ,पपरी अउर मोट बाला सेव ता जइसन लोग भूलिनगे हय. अब ता सब कै हियँ गुजिया अउर नमकीन मिल जात ही.बड़े घरन मा ता सब कुछु बाजार से ले आवत हय. घर की मेहरियन का पुरान खाजी बनमय मा मूड चढ़त हय. कोउ घरे आवय ता नाक ना काट जाय ऐसे घर कै मनई बहिरे से खरीद कै रख देब नीक मानत हय. हमी लगत हय की इया पीढ़ी पुरान खाजी का जनतय नाही आय ता ओखर कउनो रुचि नाही आय.आपन खाजी अपन होती ही वोहि हेराय ना देइ. दूसरे कै खाजी केतव नीक होइ पर ओही कबहुँ हम पाच्य आपन नाही कही सकी.



# तालाब का अतिक्रमण हटाने पुलिस बल के साथ पहुंचा राजस्व अमला

## बड़ी संख्या में तैनात रहा बल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 मार्च, गुढ़ थाना अन्तर्गत पुरास गांव में तालाब पर किये गये अतिक्रमण को हटाने के लिये प्रशासन पुलिस बल के साथ पहुंचा और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई. दल के पहुंचते ही पहले तो लोगो ने विरोध किया लेकिन जब प्रशासन की तैयारी देखी तो पीछे हट गये. तालाब में वर्षो से निर्माण कार्य स्थानीय लोगो ने अतिक्रमण कर रखा था.**

रीवा सीधी रोड स्थित ग्राम पंचायत पुरास में तालाब की भूमि से अतिक्रमण को हटाने के लिए हाईकोर्ट के आदेश के बाद विरोध की संभावना को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासन की टीम कार्रवाई के लिए पहुंची है. जहा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई.

दरअसल इसके पहले प्रशासन अतिक्रमण हटाने पहुंचा था लेकिन भारी विरोध के चलते अतिक्रमण नही हटा था. इस बार प्रशासन द्वारा सख्त दिखाई गई और भारी पुलिसबल के बीच कार्यवाही शुरू की गई. मौके पर एसडीएम, तहसीलदार सहित पुलिसबल मौजूद रहा. विरोध को देखते हुए प्रशासन पूरी तैयारी से गया था. जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई कुछ लोगो ने विरोध किया. लेकिन पुलिस बल के चलते स्थित बिगड़ने नही पाई. यहा पर वर्षो से कच्चे और पक्के निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था.

# रिंग रोड में युवक को गोली मारी, हालत गंभीर

## लोही ओव्हर ब्रिज के नीचे नकाबपोश बदमाशों ने की वारदात

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 मार्च, शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रिंग रोड के लोही ओवर ब्रिज के नीचे बीती देर रात गोली चालन की वारदात हुई है इस दौरान एक युवक को दो गोलियां लगी है. घटना के बाद आरोपी आरोपी फरार हो गए हैं घायल युवक को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस बदमाशों की पता तलाश में जुट गई है.**

घटना के संबंध में घायल शिवेंद्र यादव निवासी चिरहुला कॉलोनी के पिता चंद्रमणि यादव और भाई देवेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात



शिवेंद्र अपने दोस्त प्रतीक के साथ कहीं निमंत्रण में गया हुआ था जहां से रात्रि तकरीबन 12:30 बजे वह बाइक से लौट रहा था. इसी दौरान उसे रिंग रोड के लोही ओवरब्रिज के नीचे आधा दर्जन की संख्या में नकाबपोश युवक मिले जिन्होंने उसे रोकने का प्रयास किया और जब वह नहीं रुक तो अचानक गोलियां चलानी शुरू कर दी. परिजनों ने बताया कि इस दौरान आरोपियों ने चार राउंड गोली चलाई है जिसमें से दो गोली शिवेंद्र को जा लगी है. बताया गया है की एक गोली शिवेंद्र को छूकर निकल गई है जबकि दूसरी गोली उसके शरीर में धसी हुई है घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची. फिलहाल आरोपियों का पता नहीं चला है वहीं घायल की हालत गंभीर बताई गई है गोली चालन की घटना के बाद इलाके में सनाका खिंच गया है.

# लेफ्टिनेंट साक्षी आज आएंगी सीधी

नवभारत न्यूज

**सीधी, 14 मार्च. भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर सीधी जिले से पहली बार युवा महिला का चयन हुआ है।**

यह सौभाग्य भी चुरहट विधानसभा को प्राप्त हुआ है। चुरहट के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र के पड़खुरी गांव की लाडली साक्षी पाण्डेय पिता हरिप्रसाद पाण्डेय गत वर्ष हुए पात्रता परीक्षा पास कर देश भर में नाम रोशन किया था। कु. साक्षी ने चेन्नई में प्रशिक्षण प्राप्त कर माता- पिता ,गांव क्षेत्र, समाज ,जिला ,संभाग ,प्रदेश का नाम देश में रोशन



किया है। कुमारी साक्षी पाण्डेय आज अपने गृह नगर सीधी पहुंचेगी जहां उनका अभिवादन किया जाएगा ।

# लूट का खुलासा, गिरोह के सदस्य पुलिस अभिरक्षा में

नवभारत न्यूज

**सीधी, 14 मार्च. कोतवाली पुलिस ने 1 लाख की सनसनीखेज लूट का महज 48 घंटों में खुलासा करते हुए शातिर गिरोह के सदस्य पुलिस अभिरक्षा मे लेने में बड़ी सफलता पाई है।**

?सीसीटीवी फुटेज एवं व्यावसायिक दक्षता से आरोपियों को चिन्हित कर दबिश दी गई ।कोतवाली पुलिस की सक्रियता से लूटे गए एक लाख नगद और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई ।कोतवाली पुलिस की पूंछताछ में चुरहट और



सेमरिया क्षेत्र की घटनाओं का भी इनपुट प्राप्त हुआ है और अन्य थानों की कार्यवाही जारी है। 12 मार्च को फरियादी लालमणि सिंह के साथ हुई 1 लाख रुपये की लूट की घटना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश अनुसार थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित की गईं। आरोपियों की पहचान सुनिश्चित होने के पश्चात कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सघन छापेमारी की। इस कार्यवाही के दौरान मुख्य आरोपियों सचिन लोनिया उम्र 20 वर्ष निवासी हटवा खास, थाना कमर्जी, आदित्य विश्वकर्मा उम्र 18 वर्ष 06 माह निवासी हटवा बरहा टोला, थाना कमर्जी और 01 विधि विरुद्ध बालक को पकड़ा गया। तलाशी में इनके पास से कोतवाली क्षेत्र से लूटे गए पूरे 1 लाख नगद और घटना में प्रयुक्त पैशन प्रो मोटरसाइकिल बरामद की गई।

# मध्यस्थता के माध्यम से मामले का हल दोनों पक्षों की जीत : खंडेलवाल

## नेशनल लोक अदालत में 2179 प्रकरणों का हुआ निराकरण, जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 14 मार्च । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिंगरौली के मार्गदर्शन में आज दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय बैढ़न एवं सिविल न्यायालय देवसर तथा सरई में किया गया।**

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश अतुल कुमार खंडेलवाल एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र देव पांडेय तथा अन्य न्यायाधीशगण द्वारा जिला न्यायालय



परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीशगण, अधिवक्ता एवं एमपीईबी तथा ननि के अधिकारी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए कुल 20 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया था। नेशनल लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन के 1766 एवं न्यायालय में लंबित 413 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जहां कुल 2179 प्रकरणों का अपसी राजीनामा से निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित क्लेम के 22 प्रकरणों का निराकरण हुआ, जिसमें पक्षकारों को 46 लाख 33 हजार रुपये के एवार्ड प्राप्त हुये। लोक अदालत में 95 लाख 71 हजार 398 रुपये की राशि के 41 चेक बाउंस के प्रकरणों का निराकरण हुआ। नेशनल लोक अदालत में आपराधिक राजीनामा योग्य 114 प्रकरण, पारिवारिक एवं विवाह से संबंधित 29 प्रकरण विद्युत अधिनियम के 150 प्रकरण एवं सिविल तथा अन्य राजीनामा योग्य प्रकृति के 57 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में विद्युत विभाग के 94 लाख 59 हजार रुपये की राशि के 975 प्रकरण तथा बैंक एवं वित्तीय संस्थानों के 41 लाख 8 हजार 91 रूपये राशि के 173 प्रकरणों का निराकरण किया गया। नगरीय निकाय के 41 लाख 3 हजार 463 रुपये की राशि के जलकर एंव संपत्तिकर के 617 प्रकरणों का निराकरण किया गया। वहीं जागरूकता कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए श्री खंडेलवाल ने कहा कि लोक अदालत एवं मध्यस्थता पक्षकारों को सस्ता, सुलभ एवं त्वरित न्याय प्राप्त करने का सर्वोत्तम मंच है। प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा की मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरण का निराकरण होने पर दोनों पक्षकारों की जीत होती है.

### माता-पिता को देंगे प्रतिमाह भरण-पोषण

खण्डपीठ क्रमांक 2 के पीठासीन अधिकारी जिला न्यायाधीश पीके सेन के न्यायालय में रामिलन कुशवाहा विरुद्ध हृदयलाल कुशवाहा में उभयपक्ष आपस में माता-पिता एवं पुत्रगण के म.प्र. चल रहा था, जिसमें आवेदक एवं अनावेदक के बीच 1250 प्रतिमाह भरण पोषण की राशि अपने माता-पिता को देने के शर्त पर आपस में समझौता कर दोनों पक्षकार लाभांवित हुए, जो सराहनीय रहा। जिसमें लाभांवित पक्ष को फलदार वृक्ष देकर पर्यावरण के प्रति सजग रहने के लिए बताया गया। प्रकरण में उभयपक्ष के मध्य समझौता कराने में अधिवक्ता आरएल कुशवाहा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### लेनदेन के विवाद का हुआ पटाक्षेप

खण्डपीठ क्रमांक 5 के पीठासीन अधिकारी जिला न्यायाधीश उमेश कुमार सोनी के न्यायालय में रिचकी देवी बनाम सन्दीप कुमार शाह वगै में उभयपक्षों के बीच में राशि 1 लाख 10 हजार रुपये के लेने-देन का विवाद लंबे समय से चल रहा था, परन्तु उभयपक्ष द्वारा आपसी राजीनामा कर काफी समय से चल रहे विवाद को समझौता कर समाप्त कर न्यायालय में पेशी के चक्कर लगाने से तथा व्यर्थ का समय लगने से राहत पाया है। उक्त प्रकरण में उभयपक्ष के मध्य समझौता कराने में एके सिंह गहरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### कुएं में डूबने से डेढ़ वर्षीय बालक की मौत

**चितरंगी 14 मार्च ।** चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम तुर्रा निवासी एक डेढ़ साल का बालक आज दिन शनिवार की सुबह करीब 8 बजे कुएं के गहरे पानी में समा गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तुर्रा निवासी श्यामबहादुर सिंह का करीब डेढ़ वर्षीय पुत्र अनुराज सिंह आज सुबह अपनी माँ के साथ घर के समीपी कुएं पर नहाने गया था।

**RECRUITMENT**

WANTED ENGINEERS. A company in Pune requires Mechanical Engineers with 1 – 2 years experience in Production and Quality Assurance for their plants in Chakan, Pune. Call 7600842387 or send resume at khushbugupta.hr@gmail.com

एन सी एल NCL नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

सूचना संख्याः एन.सी.एल./एसजीआर/विपणन/ई-ऑक्सन/25-26/1768 दिनांकः 13.03.2026

सीआईएल ई-ऑक्सन स्कीम 2022 के माध्यम से मार्च 2026 माह मे कोयले की बिक्री की सूचना

नॉर्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली, म. प्र. सीआईएल ई-ऑक्सन स्कीम 2022 के माध्यम से 'कोयले' की बिक्री का प्रस्ताव पेश करती है, जिसमें कोई भी क्रेता (व्यक्ति, पार्टनरशिप फर्म, कम्पनी इत्यादि) भाग ले सकता है और इलेक्ट्रॉनिक बोली के जरिये कोयला प्राप्त कर सकता है। 'मार्च 2026' के लिये दिनांक '20.03.2026' को होने वाले ई-ऑक्सन से संबंधित विस्तृत सूचना तथा नियम एवं शर्तें एनसीएल की वेबसाइट 'www.nclcil.in', सर्विस प्रोवाइडर 'एमएसटीसी लिमिटेड' की वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com, तथा विपणन एवं विक्रय विभाग, एनसीएल सिंगरौली के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। महाप्रबंधक (वि. एवं वि.) एनसीएल सिंगरौली R-78

# रेलवे स्टेशन के मंदिर के समीप मिला प्रौढ़ व्यक्ति का शव

नवभारत न्यूज

**सरई 14 मार्च ।सरई थाना क्षेत्र के नजदीकी रेलवे स्टेशन के पास स्थित तालाब के समीप मंदिर परिसर में एक अज्ञात प्रौढ़ व्यक्ति का शव आज दिन शनिवार की सुबह शव मिलने से सनसनी फैल गई ।घटना की सूचना पुलिस को दी गई ।**

सरई थाना प्रभारी टीआई जितेन्द्र सिंह भदौरिया के अनुसार सूचना मिली कि तालाब के पास स्थित मंदिर परिसर में एक



अधेड़ व्यक्ति की शव पड़ा है। पुलिस तत्काल मौके से पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पहचान के लिए शव गृह कक्ष में रखा दिया गया है। मौत किन कारणों से हुई है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### कोयले से भरा ट्रेलर बेकाबू होकर पलटा

**जियावन.** जियावन थाना के समीपी सजहर जंगल मार्ग में बीती रात बेकाबू एक कोयले से भरा ट्रेलर पलट गया। जहां खलासी के घायल होने की खबर है। जानकारी के अनुसार ट्रेलर वाहन क्रमांक एमपी 19 जेडजी 5310 ऊर्जाधानी से कोयला लेकर सीधी तरफ जा रहा था कि सजहर जंगल के समीप त्रिवेणी ढाबा के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि इसमें इस घटना में कोई जनहानि नही हुई है।



### एचपीवी टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा बैठक आज

**सतना 14 मार्च.** जिले में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं के एचपीवी टीकाकरण अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए 15 मार्च 2026 को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर सतना डॉ. सतीष कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य तथा बीआरसीसी को टीकाकरण से संबंधित अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए.

# घर के सामने से बाइक चोरी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 14 मार्च । जियावन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोगिनी में घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना बीते दिन शुक्रवार की रात करीब 8:30 बजे के बीच की है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सुरेश बंद यादव पिता लखपति प्रसाद यादव उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम जोगिनी ने थाना पहुंचकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 66 जेडबी 3319 बीते दिन शुक्रवार की रात करीब 8 बजे अपनी मोटरसाइकिल घर के सामने खड़ी कर घर के अंदर चला गया था। कुछ देर बाद जब वह करीब 8:45 बजे घर से बाहर निकला तो देखा कि उसकी मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला।

# आनंद होटल में हुआ तेज ब्लास्ट, एसी के उड़े परखच्चे

नवभारत न्यूज

**सीधी, 14 मार्च. शहर में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के सामने आज शाम आनंद होटल के वियर बार में तेज ब्लास्ट होने और भवन के सामने शीशा के टुकड़ों के गिरने से अफरा-तफरी मच गई।**

गनीमत यह रही कि इससे कोई हताहत नहीं हुआ। लोगों की काफी भीड़ होटल के सामने जमा हो गई।



विस्फोट इतना तेज था कि इसका धमाका करीब आधा किलोमीटर दूर तक सुनाई पड़ा ।शाम करीब 7 बजे हुए तेज धमाका सुनकर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और होटल के अंदर जाकर विस्फोट हुए कमरे का मुआयना किया। होटल स्टाफ ने बताया कि बंद कमरे के अंदर यह विस्फोट हुआ। कमरे को खोला गया तो अंदर लगे एसी के टुकड़े फैले हुए थे। एसी में विस्फोट होने की खबर फैलते ही एसी का उपयोग करने वालों में दहशत है।

नवभारत

यदि आप में समाज के लिए कुछ करने का जुनून है तो

आवश्यकता है

देश के कई राज्यों से प्रकाशित हिंदी दैनिक नवभारत पत्र समूह के सतना संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार रहेगा।

सब एडीटर
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का कार्य अनुभव। पत्रकारिता में डिग्री की प्राथमिकता

प्रसार प्रतिनिधि
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का अनुभव स्वयं का वाहन अनिवार्य है

रिपोर्टर
योग्यता - स्नातक, रिपोर्टर क्षेत्र मे कम से कम 1 वर्ष का अनुभव, स्वयं का वाहन अनिवार्य।

: संपर्क करें :
नवभारत प्रेस होटल साई छाया इन के सामने रीवा रोड, गहरा नाला सतना (म.प्र.)
फोन :- 9827271199, ई-मेल : navabharatsatna@gmail.com

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99